अनुक्रमांक

नाम........

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2022-2023

विषय – हिन्दी

समय – 2.30 घंटा कक्षा – 7 पूर्णांक – 80

नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

1. **निम्न गद्यांश को पढकर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये–** 8

परिश्रम से घबराना नहीं चाहिये। कठिन से कठिन काम भी परिश्रम से आसान हो जाते हैं। परिश्रम से जी चुराने वाला आलस्य में समय बिताता है। आलसी व्यक्ति के जीवन का कोई लक्ष्य नहीं होता। वह सदैव आज के काम को कल पर टालता है, उसमें कार्य के प्रति कोई उत्साह, उमंग और स्फूर्ति नहीं आती। आलस्य उसके शरीर की शक्तियों को क्षीण कर देता है, वह आत्म–विश्वास भी खो बैठता है, परन्तु जो व्यक्ति परिश्रम से जी नहीं चुराता, वह हर कार्य समय पर कर लेता है। वह परेशानियों से भी नहीं घबराता है, वह जीवन में कभी असफल नहीं होता है। इसलिए बड़ा बनने के लिए एवं जीवन में ऊँचा उठने का रहस्य परिश्रम है। परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।

(क) परिश्रम ही सफलता की..................है।

(ख) कठिन से कठिन काम कैसे आसान हो जाता है ?

(ग) कौन अपना काम समय पर कर लेता है ?

(घ) जीवन में ऊँचा उठने का रहस्य क्या है ?

2. **निम्न कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिये–** 8

(क) कठपुतली गुस्से से उबली

....

इन्हे तोड़ दो,

....

सुनकर बोली और–और

....

बहुत दिन हुए

....

3. **अपनी पाठ्य पुस्तक के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिये–** 8

(क) पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते हैं ?

(ख) कठपुतली को गुस्सा क्यों आया ?

(ग) ब्लड–बैंक में रक्तदान से क्या लाभ हैं ?

https://www.ukboardonline.com

(घ) नाटक 'पापा खो गये' में आपको सबसे बुद्धिमान पात्र कौन लगा और क्यों ? 4

4\. (अ) निम्न शब्दों के अर्थ लिखिये–

(क) गगन (ख) विघ्न (ग) आश्रय (घ) व्याकुल 4

(ब) निम्न के विलोम शब्द लिखिये–

(क) न्याय (ख) अस्त (ग) सत्य (घ) सज्जन 4

5\. (अ) सर्वनाम एवं विशेषण की परिभाषा लिखिये। 4

(ब) निम्न शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिये–

(क) सूर्य (ख) आकाश 4

6\. (अ) निम्न वाक्यों को शुद्ध कीजिये–

मेरी कलम काला है।

लडके गेंद खेल रहा है। 4

(ब) 'वाला' शब्द जोड़कर चार नये शब्द बनाइये।

जैसे– मिठाईवाला, ..., ..., ..., ... 4

7\. (अ) निम्न मुहावरों का अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिये–

(क) आग बबूला होना (ख) ईद का चाँद होना। 4

(ब) निम्न वाक्यों के लिए एक शब्द लिखिये–

(क) जो दिखाई न दे –

(ख) जिसे सहा न जा सके –

(ग) जिसे जीता न जा सके –

(घ) जिसे मारा न जा सके – 4

8\. (अ) निम्न शब्दों की जोड़ी बनाइये–

जैसे– दुबला–पतला

(क) गोरा– (ख) ऊपर– (ग) दाएँ– (घ) लाल– 4

(ब) निम्न शब्दों से दो–दो वाक्य बनाइये–

(क) दहक (ख) सिमटा

9\. (अ) अपने प्रधानाचार्य को दो दिन के अवकाश के लिए एक प्रार्थना–पत्र लिखिये। 4

(ब) निम्न शब्दों की सहायता से एक कहानी बनाइये– 4

(क) जंगल (ख) पेड़ (ग) आग (घ) पशु–पक्षी

10\. निम्न में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिये– 8

(क) किसी मेले का वर्णन (ख) गणतंत्र दिवस

◆ ◆ ◆ ◆ ◆ ◆

https://www.ukboardonline.com